सार-समाचार

राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया

जोधपुर, (कासं)। राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर आज गोपाल गौशाला में संगोष्ठी का आयोजन कर पक्षियों की देखभाल, आहार, आवास जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार के मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि हरनारायण सोनी ने पक्षियों के महत्व को बताते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण व मानव जीवन में इनकी अहम भूमिका है। इधर-उधर घूमने वाले आम कबूतर, चिड़ियों आदि पक्षियों ने हमेशा हमारे दिलों में आकर्षण, प्रेम, आराधना का स्थान रखा है। मोर के अद्भुत सौंदर्य की वजह से भारत सरकार ने 26 जनवरी 1963 को राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया था। चील जैसे पक्षी को उड़ते हुए देखकर खास तरह का विस्मय महसूस किया जा सकता है, गिद्धों ने हमेशा स्वच्छता का कार्य किया है और कई प्रकार के सुंदर पक्षी हमारे तन मन को प्रफुलित कर देते हैं। हमें उनके बारे में जागरूकता फैलाने व संरक्षण के लिए बेहतर दिशा प्रदान करने की जरूरत है। पक्षियों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ओसियां गौशाला में चिड़ियों के लिए प्राकृतिक वातावरण में आवास की व्यवस्था की गई है जिसे आज मुर्त रूप दिया गया है। गोपाल गौशाला ओसियां में आयोजित संगोष्ठी में देवीकिशन मूंदड़ा, कुन्नाराम जानी, भेराराम भांबू, जयप्रकाश सोनी, महेश भूतड़ा, भवानीसिंह भाटी, मेगाराम सारण, बद्रीराम, दीपाराम हुड्डा, रमेश, भूराराम, राजूराम, किशनलाल, हरिओम, गोलू, भीकाराम, शिवराज सहित बड़ी संख्या में पक्षी प्रेमी उपस्थित रहे।

भागवत कथा के पेम्पलेट का विमोचन

जोधपुर, (कासं)। नागौर जिले की डेगाना तहसील के ग्राम जालसू कलां में ठाकुर जी के मंदिर का जीर्णोद्धार एवं नई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में 19 जनवरी से आयोजित होने वाले विशाल श्रीमद भागवत कथा एवं नानी बाई का मायरा के पेम्पलेट का विमोचन किया गया। यह विमोचन पूर्व सैनिक लक्ष्मण सिंह राठौड़ अंतर कंवर , जयसिंह जोधा,मदन सिंह जोधा, हिम्मत सिंह जोधा, भवानी सिंह जोधा,भरत सिंह जोधा, भगवान सिंह, चेतन सिंह व नारी शक्ति के गरीमा मय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। श्रीमद भागवत कथा से पहले ठाकुर जी के मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित होगा । सभी ग्राम वासियों के सहयोग से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 17 जनवरी को युगल सरकार का ग्राम भ्रमण,18 जनवरी को प्रातः हवन एवं 19 जनवरी को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कलश यात्रा का कार्यक्रम रहेगा । इस कार्यक्रम के बाद 19 से 25 जनवरी तक कथा वाचक राम सनेही संत मनोहरदास शास्त्री बड़ा रामद्वारा सूरसागर जोधपुर के मुखारविंद से दोपहर 12.30 से सांय 04 बजे तक व मायरा सांय 07 से रात्रि 09 बजे तक रहेगा। कथा स्थल शठाकुरजी के मंदिर के सामने मेजर नाथू सिंह जी की हवेली के बाहर स्थित प्रांगण में रहेगा। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में सानिध्य परमहंस डॉ.राम प्रसाद महाराज महंत श्री बड़ा रामद्वारा सूरसागर जोधपुर का रहेगा।

नागणेचिया मंदिर से चांदी के छत्र चोरी

जोधपुर, (कासं)। भीकमकोर में स्थित मां नागणेचिया मंदिर में एक अज्ञात चोर मंदिर से लगभग 100 चांदी के छत्र चुराकर ले गया। सुबह जब मंदिर पर पुजारी पहुंचा तो चोरी का पता चला। सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर एक व्यक्ति मोटरसाइकल लेकर मंदिर में आने और मंदिर में माता को हाथ जोड़कर प्रणाम करता नजर आया है। बाद में सारे चांदी के छत्र तोड़कर ले जाता नजर आया। इस वारदात के पश्चात मतोड़ा थाने में चोरी का मामला दर्ज करवाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि भीकमकोर गांव में आए दिन चोरियां होती है लेकिन अभी तक एक चोरी का भी खुलासा नहीं हुआ। भीकमकोर गांव से मतोड़ा थाना लगभग 25 किमी दूर है। और गांव में पुलिस चौकी बनी हुई है लेकिन वहां स्टाफ की कमी होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद है। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर में पहले भी दो बार चोरी हो चुकी है। गांव में भी इससे पहले कई बार सोने चांदी के गहने तथा तीन-चार नलकूपों से लगभग पांच हजार फीट केबल चोरी हुई है उसका भी कोई खुलासा नहीं होने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि समय रहते इन चोरियों का खुलासा नही हुआ तो वो पुलिस चौकी भीकमकोर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं पुलिस चौकी प्रभारी महावीरसिंह ने बताया कि उनकी टीम ने वारदात स्थल का मौका मुआयना कर फुटेज भी लिए है। अनुसंधान कर जल्द चोरी का पर्दाफाश किया जाएगा।

अवैध शराब सहित दो सगे भाई पकड़े

पाली, (नि.सं.)। पाली के औद्योगिक थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। दोनों सगे भाई हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से 189 अंठोजी शराब के पव्वे जब्त किए। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ट्रेन से गुजरात जाकर शराब बेचते थे। औद्योगिक थाना प्रभारी पाना चौधरी ने बताया कि 4 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर अण्डरब्रिज पुलिया के पास नाकाबंदी की। इस दौरान दो व्यक्ति अपनी पीठ के पीछे दो बैग लटकाये हुए दिखाई दिए। जिस पर दोनों को रोका। बैग की तलाशी ली तो उसमें अंठोजी शराब के 189 पव्वे मिले। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे दोनों सगे भाई है और पाली में अलग-अलग शराब के ठेकों से शराब लेकर फिर बैग में भरकर बसों और ट्रेन से गुजरात में अलग-अलग जगह जाकर बेचते है। इस पर पुलिस ने अचरेरा आगरा उत्तरप्रदेश निवासी अकरम पुत्र असलम और उसके सगे भाई पंजाबी को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से अवैध शराब के 189 पव्वे जब्त किए। आरोपियों को पकड़वाने में कॉन्स्टेबल सूरज चौधरी की मुख्य भूमिका रही।

गुरूदेव की प्रतिमाओं का पूजन आज

जोधपुर, (कासं)। त्रिस्तुतिक जैन समुदाय के प्रथम आचार्य श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरिश्वर म. सा. का 198 वाँ जन्म दिवस एवं 118 वी पुण्यतिथि 6 जनवरी को पूरे भारतवर्ष में मनाई जा रही है। इसी कड़ी में राजेन्द्र सूरी जैन त्रिस्तुतिक संघ, जोधपुर के तत्वावधान में 10 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में 6 जनवरी को अवंति पार्श्वनाथ खैरादियो का बास में स्थित जैन मंदिरों में विराजित गुरुदेव की प्रतिमाओं का पूजन किया जाएगा। संघ सदस्य कमल बाफना ने बताया कि 10 दिवसीय कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था राजेन्द्र मित्र, महिला व बालिका मंडल द्वारा की जा रही है। इस अवसर पर इन सभी मंदिरों में विशेष आकर्षक रोशनी की जाएगी। 6 जनवरी जिस दिन मुख्य कार्यक्रम आयोजित होंगे उसकी रूपरेखा व व्यवस्था के लिए महेन्द्र सुराणा व भंडारी, गौतम खिवसरा व सिंघवी, सुरेश लूँकड़, रणजीत बाफना, कमलेश व विपिन सेठ, सुरेश व निर्भय भंडारी को जिम्मेदारी सौपी गई हैं।

जीनगर समाज संघ का अधिवेशन संपन्न

जोधपुर, (कासं)। जीनगर समाज द्वारा सिवांची गेट स्थित न्याति भवन में आयोजित सम्मान समारोह एवं वार्षिक अधिवेशन रविवार को सम्पनं हुआ। कार्यक्रम में समाज के नवनियुक्त पदोन्नत एवं सेवानिवृत,विशिष्ट सेवाए प्रदान करने वालो के साथ साथ संघ को आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ नरेंद्र आसेरी, विशिष्ट अतिथि भगवान गहलोत, डॉ राजकुमार चौहान, रमेश आसेरी, कैलाश चंद चौहान, देव राज चौहान, दुर्गादास सोनगरा सहित समाज के 250 जने उपस्थित रहे। आयोजन में समाज की विभिन्न समितियों पंचायतों ट्रस्ट के अध्यक्षों का भी सम्मान किया गया।रक्तदाताओं को पानी की स्टील बोतल व प्रत्येक महानुभाव को संघ ने की-चैन भेंट की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल राज सोनगरा ने की। संचालन डॉ प्रकाश पंवार, आय व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष प्रमोद सोनगरा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन राहुल चौहान ने किया।

एकलव्य युवा संस्थान का कैलेंडर जारी

जोधपुर, (कासं)। एकलव्य युवा संस्थान का नव वर्ष स्नेह मिलन व संस्था के कैलेंडर विमोचन का कार्यक्रम रविवार सुबह 11 बजे किसान भवन पावटा जोधपुर में किया गया। संस्थान के राजेश हीरादेसर ने बताया कि कार्यक्रम में भंवरलाल हटवाल, कुलदीप सिंह, सुनील भाटी, वीरेन्द्र केलावा,परशुराम, प्रहलाद गोयल, बगड़िया, मोहन लोहारा, नारायण गुंडी, अक्षय नांदड़ी, धर्माराम बाघेला ओपी अरटिया, योगेश गोयल पाल, मुकेश दुबका, श्रवणराम, सुरजाराम सुंडियां, पेमाराम दुबका, नरेंद्र, चंद्रप्रकाश सुंडियां, राजकुमार, डॉ भागचंद, गोविंद कुमार, गोविंदराम कड़वा, अजय प्रभात, जगतिया, योगेंद्र गोयल, रवि देवतारा, उगमाराम कुड़ी, थानाराम, संतोष कुमार, जीवन नाडसर, सेतु खांगटा आदि ने भाग लिया।

रामद्वारा चांदपोल में महोत्सव 14 से

जोधपुर (कासं)। चांदपोल स्थित बड़ा रामद्वारा के संत हरिराम शास्त्री के सानिध्य में 14 जनवरी से भगवानदास महाराज के 223वें बरसी महोत्सव की शुरुआत होगी। महोत्सव 12 फरवरी तक रहेगा। 14 को सुबह 9 बजे से गुदड़ी के दर्शन होंगे। 14 जनवरी को सामूहिक पाठ, 16 को नानी बाई का मायरा कथा, 29 को रानी सती मंगल पाठ, 30 को रामायण पाठ, 8 से 11 फरवरी तक श्री वाणी पाठ, 12 को फाग उत्सव होगा।

बाइक तेज चलाने को लेकर मारपीट व पत्थरबाजी, 2 घायल

पाली, (नि.सं.)। पाली में बाइक धीरे चलाने और शराब के लिए रुपए मांगने की बात को लेकर 2 युवकों में कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया। इसके बाद नौबत 2 गुटों में पत्थरबाजी और मारपीट तक पहुंच गई। इस घटना में एक पक्ष के 2 युवक घायल हो गए, जिससे माहौल बिगड़ गया। दोनों पक्षों ने एक-दूजे पर पत्थरबाजी की। जिसका वीडियो भी सामने आया है।

दोनों घायलों को इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां से एक को जोधपुर रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर भारी संख्या में पुलिस जाप्ता मौके पर तैनात किया गया। फिलहाल स्थिति कंट्रोल में है।

पाली में मारपीट की घटना के बाद मौके पर तैनात पुलिस जाप्ता।

सी.सी.टी.वी. में कैद हुई पूरी घटना

जानकारी के अनुसार पाली शहर के मंडिया रोड जालोरी दरवाजा क्षेत्र में 30 साल के मोहम्मद जावेद पुत्र बाबू भाई की मोबाइल शॉप है। वह शॉप बंद कर अपने रिश्ते के भाई 25 वर्षीय मोहम्मद आसिफ पुत्र मोहम्मद युसूफ से बातचीत कर रहा था। इतने में 2 युवक बाइक पर तेज स्पीड से निकले। आरोप है कि बाइक धीरे चलाने को कहा तो युवक रूके और शराब के लिए रुपए मांगें। देने से मना किया तो झगड़ा करने लगे। दोनों पक्षों में हुआ झगड़ा एक शॉप के बाहर लगे कैमरे में कैद हो गया।

मारपीट की इस घटना में एक पक्ष के जावेद और आसिफ घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां से आसिफ को जोधपुर रेफर किया गया।

दोनों पक्षों ने की पत्थरबाजी इधर घटना की जानकारी मिलने पर घायल युवकों के परिजन और मोहल्लेवासी घटना स्थल पहुंचे। दूसरे पक्ष के लोग भी सड़क के दूसरी तरफ बस्ती में रहते है। ऐसे में दोनों पक्षों में पत्थरबाजी हुई। इससे सड़क पर जगह-जगह पत्थर ही पत्थर बिखर गए।

गनीमत रही कि पत्थरबाजी में किसी भी पक्ष का कोई गंभीर घायल नहीं हुई। घटना की जानकारी मिलने पर सिटी देरावरसिंह सोढ़ा कोतवाली स्टॉफ के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को कंट्रोल करवाया। देर रात तक मौके पर और बांगड़ हॉस्पिटल में पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। स्थिति फिलहाल कंट्रोल में है।

देर रात एक पक्ष ने दी रिपोर्ट मामले में देर रात को पाली के जालोरी दरवाजा निवासी बाबूखान पुत्र मुराद खान ने लिखित रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि उनका बेटा मोहम्मद जावेद हमेशा की तरह शनिवार रात को दुकान बंदकर घर लौट रहा था। जिसके साथ मोहम्मद आसिफ पुत्र मोहम्मद युसुफ भी था। दोनों दुकान से निकल रहे रहे थे।

इस दौरान निकट की बस्ती से कुणाल, विशाल, संजय सहित पांच-छह लड़के आए। आरोप है कि उन्होंने जावेद और आसिफ को रोका और शराब के लिए रुपए मांगे।

नहीं देने पर कुणाल ने अपनी जेब से क्लिप निकालकर जावेद के सिर पर वार किया। बीच-बचाव कर रहे आसिफ से भी इन्होंने मारपीट की। जिससे दोनों घायल हो गए। उनके सिर में चोटे आई।

देशांतरी समाज ने ज्ञापन दिया

धोरीमन्ना, (कासं)। चौहटन नगर पालिका में आयोजित सुईया महादेव मेला में देशांतरी समाज को अपमानित करने व भावनाओं को आहत करने के नाम से लगे पोस्टर को लगवाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि पोषण सुईया अर्धा महाकुंभ मेला पांच तत्वों द्वारा भरा जाता है। मेले में भारत भर से लोग आते है। मुख्य पवित्र जल से ही स्नान करना महत्वपूर्ण माना जाता है। अध्यक्ष लक्ष्मण देशान्तरी बताया की सनातन धर्म प्रेमियों के सामने लाखों की संख्या में इस मेले में जगह-जगह पर पोस्टर लगाकर देशांतरी समाज को ढोंगी और फर्जी बताया गया।

इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए समय रहते हुए कानूनी कार्रवाई नहीं की तो उग्र आंदोलन भी करेंगे। इस दौरान नारायण लाल, अर्जुन राम, हरिराम, अमृतलाल सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्र सेविका समिति के शिक्षा वर्ग का समापन

भीनमाल, (निसं)। आदर्श विद्या मन्दिर उच्च प्राथमिक विद्यालय में राष्ट सेविका समिति के सात दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का समापन कार्यक्रम रविवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम अध्यक्षा अनिता अग्रवाल, मुख्य अतिथि डॉ. अवनी पटेल, वर्गाधिकारी ललिता गेहलोत, मुख्य वक्ता मोनिका माहेश्वरी जोधपुर प्रान्त शारीरिक प्रमुख, वर्ग कार्यवाहिका उर्मिला खण्डेलवाल, जिला सम्पर्क प्रमुख मीरा देवासी, जालोर विभाग विस्तारिका वणिका के सानिध्य में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। मंचासीन अतिथियों का परिचय मीरा देवासी द्वारा कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. अवनी पटेल ने कहा राष्ट सेविका समिति विश्व का सबसे बडा महिलाओं का संगठन है। ऐसे वर्गो से बहिनों के मन में देश राष्ट के प्रति समर्पण की भावना, नेतृत्व क्षमता व कर्तव्य बोध का गुण विकसित होता है। मातृव अपने स्व के गुणों को पहचान कर निरन्तर प्रगति के पथ पर बढ रही है।

कार्यक्रम में शिक्षार्थियों द्वारा वर्ग में सिखाए गए दंड, नियुद्ध, यष्टि, योगचाप, योगासन आदि का प्रात्यक्षिक के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। वर्गाधिकारी ललिता गहलोत ने बताया कि यह वर्ग सात दिवसीय प्रारम्भिक वर्ग लगाया गया था।

इस वर्ग में जालोर विभाग के 3 जिलों के 16 खण्डों से शिक्षार्थी, प्रबन्धिका, शिक्षिकाएं एवं अधिकारी सहित 167 की संख्या रही। प्रतिदिन की कठिन दिनचर्या और अनुशासन का पालन करते हुए इन दिनों में चिन्तन सूत्र, योगासन, प्रातः शाखा, लेखन कार्य, बौद्धिक व बिन्दु संकलन, आचार पद्धति, चर्चा कार्यशाला, भजन गीत अभ्यास, आनन्दवेला आदि में भाग लेकर आत्म निर्माण किया।

कार्यक्रम में जोधपुर प्रान्त शारीरिक प्रमुख मोनिका माहेश्वरी ने बौद्धिक वक्ता की भूमिका में सदगुण निर्मित का केन्द्र शाखा विषय पर उद्बोधन दिया।

उन्होंने बताया कि राष्ट सेविका समिति महिलाओं का अखिल भारतीय संगठन है। इस संगठन में कार्यकर्ता का विशेष महत्व है। कार्यकर्ता निर्माण के लिए इस तरह के प्रशिक्षण वर्ग लगाए जाते है। इस प्रारम्भिक वर्ग के माध्यम से बहनों का मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास करते हुए समिति के प्रति विश्वास व आत्मीयता के भाव का निर्माण किया जाता है। भीनमाल जिला कार्यवाहिका उर्मिला खण्डेलवाल ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

क्रिकेट खेल रहे युवक की हार्ट अटैक से मौत

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में क्रिकेट खेल रहे एक युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। युवक आउट होकर जब पैवेलियन लौट रहा था तो अचानक उसके सीने में दर्द हुआ। आकर वो कुर्सी पर बैठ गया और दोस्त को हॉस्पिटल चलने को कहा।

हॉस्पिटल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जोधपुर के गोशाला क्रीड़ा संगम मैदान अरोड़ा-खत्री सुपर लीग के मैच के दौरान शनिवार को यह घटना हुई।

क्रिकेटर की मौत के बाद आयोजकों ने लीग रद्द कर दिया।

दरअसल, शनिवार को एमएमसी क्लब और रेड ड्रेगन टीमों के बीच मैच हो रहा था। एमएमसी क्लब की ओर से मकराना मोहल्ला, जोधपुर निवासी नीरज अरोड़ा (40) पुत्र जगदीश अरोड़ा बैटिंग करने उतरे।

नीरज अच्छी बैटिंग के बाद आउट हो गए। वे जब पैवेलियन आ रहे थे तो उनके सीने में दर्द उठा। वे कुर्सी पर आकर बैठ गए और दोस्तों को पानी पिलाने के लिए कहा। पानी पीकर दोस्त सुशील से बोले कि सीने में दर्द हो रहा है, हॉस्पिटल चलते हैं।

नीरज को एक साल पहले भी हार्ट अटैक आया था। इसलिए दोस्त ने उन्हें तुरंत कार में बिठाया और मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल के लिए रवाना हो गए, लेकिन 2 मिनट बाद रास्ते में नीरज को एक उल्टी हुई।

आयोजक व दोस्तों ने सीपीआर भी दी, लेकिन नाकाम रहे। हॉस्पिटल में डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

लीग आयोजक रोहित अरोड़ा ने बताया कि नीरज परिवार में अपनी मां के साथ रहते हैं। उनकी 2 विवाहित बहनें है। पिता के निधन के बाद नीरज ने घासमंडी में अपनी नमकीन की दुकान का कारोबार संभाला। क्रिकेट के शौक के चलते वे हर रविवार दोस्तों के संग खेलने जाते थे।

बाली ब्लॉक कांग्रेस सेवादल ने संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की

पाली, (नि.सं.)। बाली ब्लॉक कांग्रेस सेवादल की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारणी की बैठक रंजन सराय प्रांगण में आयोजित हुई।

बैठक में पाली जिला कांग्रेस सेवादल जिला मुख्य संगठक प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में एवं राजस्थान कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जॉन प्रभारी मोहन हटेला के मुख्यअतिथि एवं बाली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल सिंह राजपुरोहित व वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट विजय राज चौधरी के विशिष्ट अतिथि में आयोजित की गई । बैठक में सर्व प्रथम देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ मनमनोहन सिंह को सेवादल कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

बैठक मे प्रदेश स्तरीय जयपुर में विशाल महा अधिवेशन होने जा रहा है जिसमे बाली कांग्रेस सेवादल के भागीदारी ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता भाग लेवे इस पर भी गहन विस्तृत चर्चा की गई। बाली ब्लॉक सेवादल,यंग बिर्गेड,महिला सेवादल का नवीन कार्यकारिणी के गठन पर विचार विमर्च किया गया। महाना सगठनात्मक गतिविधियों पर गहनता से रिपोट कार्ड तैयार किया गया।

बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला ने सम्बोधित करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी की मजबूती की दिशा मे सेवादल सगठन और अधिक मजबूती से कार्य करते हूए बूथ स्तर पर सेवादल का जल्द गठन करते हूए वर्तमान सरकार की विफलताएं उजागर करें।

बाली ब्लॉक कांग्रेस सेवादल की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक रंजन सराय में हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली जिला कांग्रेस सेवादल जिला मुख्य सगठक प्रकाश चौधरी ने कहा कि वर्तमान भाजपा की सरकार आम जनता के लिए पूर्णतया विफल साबित हुई है। कई जन हितार्थ योजनाओं को बंद कर रही है और कई बंद कर दी गई है।

बैठक को बाली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यशपाल सिंह राजपुरोहित ने कहा कि सेवादल कांग्रेस पार्टी रीड की हड्डी है सेवादल संगठन हमेशा पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करता है। इस दौरान बाली विधानसभा क्षेत्र सेवादल अध्यक्ष जसाराम परिहार, बाली ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अजय पाल सिंह जोधा ने कार्यक्रम में आभार जताया। सेवादल संगठन मजबूती से ओर अधिक कार्य करने पर भरोसा दिलाया।

एडवोकेट विजय राज चौधरी, दलवीर सिंह चौहान, रामसिंह इंदा, अजीज अली सिलावट, ओटाराम हटेला, मोटाराम वर्मा, नरसिंह रावल, देसूरी सेवादल अध्यक्ष मूलाराम मीणा, रमेश कुमार बावल, रजाक भाई, चैनाराम घांची, शंकर लाल रामेशा, मांगीलाल गहलोत, शक्ती सिंह करनोत, रामलाल मेघवाल, दुर्गा देवी परिहार,जाकिर हुसैन,रमेश कुमार, आरिफ हुसैन, ओम परिहार, भंवरलाल डांगी, जतनो देवी, वाराम भाटी, गोमाराम चौधरी, सुरेश परमार, अब्दुल हमीद, प्रताप राम आदि उपस्थित थे।

जालोर में पंजीयन के नाम पर भ्रष्टाचार : भूरसिंह

जालोर, (कासं)। जालोर कलेक्टर कार्यालय से महज चंद कदम दूर उप पंजीयक कार्यालय में दस्तावेज पंजीयन करवाने के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है।

जालोर में जिला कलैक्टर कार्यालय के निकट स्थित उप पंजीयक कार्यालय में दस्तावेज पंजीयन करवाने को लेकर रेट निर्धारित की हुई है। उप पंजीयक अधिकारी का पद रिक्त होने पर उप पंजीयक अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज तहसीलदार जालोर बाबूसिंह को दे रखा है। बाबूसिंह पूर्व में बाडमेर जिले के सिवाना तहसील में भ्रष्टाचार के मामले में लिप्त रहे चुके है। दस्तावेज का पंजीयन व पटटा रजिस्टेशन करवाने को लेकर रिश्वत की राशि निर्धारित की हुई है। भाजपा सरकार में ही भाजपा के जिला मंत्री भूरसिंह के दो पटटे रजिस्ट्रेशन के लिए दिये तथा दोनों पटटे लेने पंजीयन कार्यालय जाने पर दोनों पटटे के पंजीयन करने के एवज में दो हजार की मांग की गईं जिसकी शिकायत जिला मंत्री ने जिला कलैक्टर को की। तब जिला कलैक्टर ने तहसीलदार को बुलाकर डांट तथा पंजीयन के नाम पर अवैध राशि नही लेने की बात कही। वही प्रतिदिन पंजीयन करने के नाम पर भारी भ्रष्टाचार होने के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भी मौन है।

भाजपा जिला मंत्री भूरसिंह ने बताया कि दो पटटे का रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए सरकारी शुल्क महज पन्द्रह - पन्द्रह सौ रुपये लगे, लेकिन पंजीयन के बाद पटटे लेने जाने पर दो हजार रुपये अतिरिक्त देने की बात कही।

जिसकी शिकायत मैने जिला कलैक्टर को की। जिसके बाद जिला कलैक्टर के कहने पर बिना पैसे दो पटटे दिये गये।

पाली में मांझे से पूर्व पुलिसकर्मी घायल

पाली, (नि.सं.)। पाली में लगातार दूसरे दिन पतंग के मांसे से दुपहिया वाहन चालक के घायल होने का मामला सामने आया है। शनिवार को टेक्सटाइल बिजनेसमैन तो रविवार को पूर्व पुलिसकर्मी मांझे के कारण घायल होकर हॉस्पिटल पहुंचे। हादसे में उनके नाक पर घाव हुआ। ऐसे में दो टांके लगाने पड़े। लगातार दूसरे दिन ओवरब्रिज पर यह घटना हुई है।

ाली शहर के टैगोर नगर में रहने वाले पूर्व पुलिसकर्मी कुन्नाराम (62) पुत्र पुसाराम रविवार दोपहर को स्कूटी लेकर ओवरब्रिज से उतर रहे थे। उन्होंने हेलमेट भी लगा रखा था लेकिन पतंग का तेज मांझा उनके हेलमेट के भीतर घुस गया। ऐसे में मांझे से उनके नाक पर घाव हो गया।

गनीमत रही कि वे तुरंत रूके गए और हेलमेट खोल मांझे को बाहर निकाल दिया, वरना उनके नाक पर और गहरा घाव हो जाता। नाक पर घाव होने से खून बहने लगा।

उन्हें तुरंत इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनके नाक पर टांके लगाए गए। उनकी हालत खतरे से बाहर है।

गौरतलब है कि शनिवार को बिजनसमैन पतंग के मांझे से घायल हुए थे। शनिवार को ओवरब्रिज पर बाइक पर जा रहे शिवाजी नगर निवासी टैक्सटाइल बिजनसमैन 40 वर्षीय मुकेश जैन पुत्र मिश्रीलाल पतंग के मांझे के कारण घायल हो गए। मांझ से उसके गले और अंगुली में कट लग गया। ऐसे में गले और अंगुली को ठीक करने के लिए बांगड़ हॉस्पिटल में डॉक्टर ने 7 टांके लगाए थे।

भोपालगढ़ में सुमेल युद्ध का स्मृति दिवस मनाया

जोधपुर ,(का.सं.)। शेर शाह सूरी सेना व मारवाड़ के यौद्धाओं के बीच गिरी सुमेल युद्ध बलिदान दिवस के अवसर पर वीर कुंपा, वीर जैता, पंचायन , कर्मसी, अखेराज सोनिगरा व 8 हजार योद्धाओं की स्मृति में बलिदान दिवस समारोह आयोजित किया गया ।

आयोजन में उपस्थित वक्ताओं ने मध्यकालीन इतिहास में इस युद्ध के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह युद्ध शेरशाह सूरी की सेना एवं मारवाड़ के सेनानायक जैता एवं कूंपा के बीच गिरी सुमेल की पहाड़ियों में लड़ा गया था, जिसमें मारवाड़ की सेना के आठ हजार रणबांकुरों ने अफगान सेना के अस्सी हजार सैनिकों से अत्यन्त साहस के साथ युद्ध करते हुए शेरशाह सूरी की सेना के दांत खट्टे कर दिए थे।

इस युद्ध के भयंकर परिणाम के उपरांत शेरशाह सूरी ने कहा कि एक मुट्ठी भर बाजरे के लिए में हिंदुस्तान की बादशाहत खो बैठता।

आत्म सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए लड़े गए इस युद्ध में वीरगति प्राप्त हुए योद्धाओं की स्मृति में गिरी सुमेल बलिदान दिवस मनाया जाता है।

भोपालगढ़ करणी सेना अध्यक्ष शक्ति सिंह ओस्तरा ने बताया कि इस भीषण युद्ध में 8 हजार की सेना ने शेरशाह सूरी की 80 हजार सैनिकों की सेना को युद्ध में पीछे हटने को मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर मारवाड़ राजपूत सभा के महासचिव के वी सिंह चाँदरख, उमराव सिंह जोधा, वीपी सिंह बीसलपुर, अर्जुन सिंह कलावास, हनुमान सिंह बुरछा,अर्जुन सिंह बुरछा सरपंच, सुरेंद्र सिंह नेतडा, लाल सिंह देवतडा सरपंच, देवेंद्र सिंह नाडसर, वीपी सिंह कूड, राजू सिंह तोडयाना, जनक सिंह रुदिया, चैन सिंह साथिन, पुरन सिंह रड़ोद, वीरेंद्र सिंह नाड़सर, अपुल सिंह ताम्बडिया, प्रेम सिंह ओस्तरा सहित कई लोग उपस्थित थे।

स्वस्थ ग्राम अभ्यास वर्ग कार्यशाला का आयोजन

जोधपुर, (कासं)। आरोग्य भारती के स्वस्थ ग्राम योजना आयाम के अन्तर्गत एक दिवसीय प्रान्तीय कार्यशाला का आयोजन 5 जनवरी को संघ कार्यालय, डॉ हेडगेवार भवन, नेहरू पार्क, सरदारपुरा जोधपुर में किया गया।

आरोग्य भारती के नवनियुक्त प्रांत अध्यक्ष प्रो गोविन्द प्रसाद गुप्ता ने बताया कि कार्यशाला में आरोग्य भारती के स्वस्थ ग्राम योजना आयाम के अखिल भारतीय संयोजक मा. सदाशिव तथा उत्तर पश्चिम क्षेत्र संयोजक मा. संजीवन कुमार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । सदाशिवजी ने स्वस्थ ग्राम योजना एवं संकल्पना विषयक उद्बोधन में बताया कि स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण के लिए उत्तम जीवनशैली को अपनाकर व्यक्ति अपने साथ परिवार को स्वस्थ रख सकता है साथ ही स्वस्थ गावों का चयन सर्वेक्षण पर योजनात्मक रूपरेखा बतायी । उन्होंने बताया कि आरोग्य भारती का मूल उद्देश्य स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना है।

उन्होंने विरुद्ध आहार के बारें में विस्तार से वर्णन किया । डॉ अशोक मित्तल सहायक निदेशक आयुर्वेद विभाग जोधपुर ने घरेलू उपचार विषय पर व्याख्यान दिया । उन्होंने विभिन्न प्रकार के रोगों में घरेलू उपचार के बारे में बताया। डॉ विकास राजपुरोहित, ट्रोमा आई सी यू इंचार्ज, मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल जोधपुर ने प्राथमिक उपचार विषय के बारे में व्याख्यान दिया उन्होंने फ्रैक्चर, दुर्घटना, डूबने, आग लगने आदि में उपयोगी जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से वर्णन किया साथ ही सी पी आर की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी । आरोग्य भारती जोधपुर प्रांत के सरंक्षक बृजकिशोर माथुर ने व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य विषय पर चर्चा की।

जोधपुर प्रांत के अध्यक्ष प्रो गोविंद प्रसाद गुप्ता ने आरोग्य भारती के विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी दी एवं अठिाम कार्यकर्मों की रूपरेखा के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन संजय कपूर, प्रांत विद्यालय स्वास्थ्य आयाम प्रमुख ने किया।

कार्यशाला में नटवर जी, प्रो महेन्द्र कुमार शर्मा, ज्ञानेश्वर जी , डॉ हरीश सिंघल, सुरेश शाह, ओम प्रकाश माहेश्वरी, रतन लाल श्रीवास्तव, माधवी श्रीवास्तव, डॉ कुसुम गुप्ता, चंद्र शेखर व्यास, प्रवीण कुमार शर्मा,, पदम सिंह राठौड़, डॉ ऋषिकेश आच